# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु

सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)

Website :www.suksn.edu.in Email Id : registrar@suksn.edu.in



सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)


पत्रांक 02 / सि0वि0वि0 / कु0कार्या0 / 2026 दिनांक 09 / 04 / 2026

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य / प्राचार्या**
अशासकीय सहायता प्राप्त, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
**जनपद**–सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, महराजगंज।

**विषयः– सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यपूर्ण आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–342 / सत्तर–3–2026 दिनांक 02 अप्रैल, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण का अवलोकन करने का कष्ट करें। इस पत्र के साथ संलग्न संस्कृति अनुभाग के पत्र में उल्लेखित **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व** से सम्बन्धित समस्त आयोजनों की सम्पूर्ण को पूर्ण कराते हुये गौरवपूर्ण ढंग से जनसहभागिता के साथ आयोजित कराने की अपेक्षा की गयी है।

अतः उक्त संदर्भित पत्र में दिये गये दिशा–निर्देश के अनुपालन में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करते हुये, कृत कार्यवाही को समयान्तर्गत अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

09/04/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 02 / सि0वि0वि0 / कु0कार्या0 / 2026 दिनांक 09 / 04 / 2026

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
2–अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु।
3– निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
4– सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

## कार्यालय शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 50-54 /2025 – 26 दिनांक – 08 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस पत्र के साथ संलग्न शासन के पत्र दिनांक 02 अप्रैल, 2026 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी की ई – मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें –

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलपति/कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों को सूचना प्रसारित कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
5. तकनीकि सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
SHASHI KAPOOR
Date: 08-04-2026
14:19:51

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**संख्या-342 /सत्तर-3-2026**

प्रेषक,

**शकील अहमद सिद्दीकी,**
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊ: दिनांक 02 अप्रैल, 2026**

**विषयः- ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' का सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यपूर्ण आयोजन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-91/2026/सी0एस0-।।/चार-2026, दिनांक 20.03.2026 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से पत्र में उल्लखित ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' से सम्बन्धित समस्त आयोजनों की सम्पूर्ण व्यवस्था को पूर्ण कराते हुए गौरवपूर्ण ढंग से जनसहभागिता के साथ आयोजित कराने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र में दिये गये दिशा-निर्देश के अनुपालन में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को समयान्तर्गत अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

सं० 347/सत्तर-3-2026

**संख्या- 91 2026/सी०एस०11/चार-2026**

प्रेषक,

**एस0पी0 गोयल**
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव**
उच्च/ माध्यमिक/ बेसिक/ प्राविधिक शिक्षा/ पर्यटन/ धर्मार्थ कार्य/ नगर विकास/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ गृह/ परिवहन/ पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. **समस्त मण्डलायुक्त**
उत्तर प्रदेश।
3. **समस्त जिलाधिकारी**
उत्तर प्रदेश।

**संस्कृति अनुभाग** **लखनऊ: दिनांक 20 मार्च, 2026**

**विषय- ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' का सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यपूर्ण आयोजन।**

**महोदया/ महोदय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व''** भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का भव्य उत्सव है, जो सोमनाथ मन्दिर के हजार वर्षों की अविचलित यात्रा को स्मरण करता है। गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित यह मन्दिर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम है और इसे **'सौराष्ट्रे सोमनाथं च'** कहकर सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इतिहास में अनेक बार आक्रमण और विध्वन्स के बावजूद यह मन्दिर बार-बार पुनर्निर्मित हुआ, जो भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और पुनरुत्थान की भावना का प्रतीक है। स्वाभिमान पर्व का संदेश यही है कि सोमनाथ का इतिहास पराजय का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि आस्था और संस्कृति समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं और सृजन ही स्थायी है, जबकि विनाश क्षणिक। सोमनाथ मन्दिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, अपितु भारत की आत्मा, गौरव और सांस्कृतिक दृढ़ता का जीवन्त प्रतीक है।

2- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या CM-21/1/2025-C&M दिनांक 03 फरवरी, 2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि 1026 C.E. में सोमनाथ मन्दिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 एवं मन्दिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में **''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व''** का आयोजन 08 से 11 जनवरी, 2026 के मध्य सोमनाथ, गुजरात में किया गया जिसमें मा0 प्रधानमंत्री जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मा0 गृहमंत्री जी, भारत सरकार की अध्यक्षता में National Implementation Committee (NIC) की दिनांक 16 जनवरी, 2026 को आहूत बैठक में निर्णय लिया गया कि **'''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' अटूट आस्था के 1000 वर्ष'**

कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11 जनवरी, 2026 से 11 जनवरी, 2027 तक सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सहयोग से जन भागीदारी के साथ वर्ष पर्यन्त किया जाए।

3- **"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व"** का 'स्मरणोत्सव' मुख्यतः 02 स्तम्भों (आयोजन व यात्रा) के माध्यम से परिकल्पित किए जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया-

- **<u>प्रथम स्तम्भ - आयोजन (Event) - स्थानीय स्तर के आयोजनः-</u>** के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में जिले, ब्लॉक और तहसील स्तर पर समस्त शिवालयों (शिव मन्दिरों) में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
- समस्त प्रदेश में आयोजन की सम्भावित तिथि 19 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। इस तिथि से पूर्व स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर के शिवालयों के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए कार्यक्रम हेतु शिवालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। आयोजन के अन्तर्गत सामूहिक मन्त्रोचार, ओंकार जाप, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन, सोमनाथ पर आधारित गाथा प्रस्तुतीकरण से शिवालयों में स्थानीय समुदाय द्वारा भजन संध्याओं के आयोजन जन भागीदारी के साथ सुनिश्चित किए जाएं। जनपद लखनऊ में होने वाले मुख्य आयोजन का सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से समस्त शिवालयों में सजीव प्रसारण कराया जाए।
- इस अवसर पर भारत सरकार "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" हेतु प्रेषित बुकलैट की सॉफ्ट कॉपी https://amritkaal.nic.in/somnath-swabhiman-parv से डाउनलोड कर आम जनमानस में वितरित कराई जाए।
- **<u>राज्य स्तरीय/ ज्योतिर्लिंग आयोजनः-</u>** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित सूचना के आधार पर उत्तर प्रदेश में दिनांक 11 मई, 2026 को काशी विश्वनाथ धाम मन्दिर में भारत सरकार द्वारा निर्धारित उत्तर प्रदेश के समूह राज्य (Cluster State) यथा बिहार, चण्डीगढ़, एनसीटी दिल्ली को समायोजित करते हुए आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिसमें आध्यात्मिक संगठन सन्त निरंकारी मिशन की भूमिका सहयोगी पार्टनर के रूप में सुनिश्चित की जाए।
- कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जन प्रतिनिधियों यथा मा0 श्री राज्यपाल, मा0 मुख्यमंत्री जी, मा0 लोकसभा एवं मा0 राज्यसभा के सांसद, स्थानीय विधान सभा एवं विधान परिषद के मा0 सदस्य तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण को आमन्त्रित किया जाए। कार्यक्रम में आध्यात्मिक सन्त, महात्माओं व अखाड़ों के सन्यासियों को भी आमन्त्रित किया जाए। कार्यक्रमों में व्यापक जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जाए।
- उक्त आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से लाइव प्रस्तुतियां, शिव भजन एवं शिव ताण्डव की प्रस्तुतियां, सोमनाथ संकल्प

गतिविधियां तथा मास Chanting के रूप में ओंकार जाप की गतिविधियां आयोजित की जाएं।

- उक्त राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मन्दिर न्यास के सहयोग से आयोजित किया जाए।
- इस अवसर पर प्रदेश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में सोमनाथ संवाद का आयोजन किया जाए, जिसमें विद्वानों द्वारा सोमनाथ की गौरवशाली गाथा पर वक्तव्य, संवाद व संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर **''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व''** के सन्दर्भ में शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा विभाग के सहयोग से शिवपुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।
- भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंग मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों एवं क्लस्टर राज्य में सोमनाथ की गौरवशाली गाथा पर आधारित नाटक, देवी अहिल्याबाई, भगवान बिरसामुण्डा जी एवं अन्य अनसुने नायकों पर नाटक तैयार कर **''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व''** की अवधि में वर्ष पर्यन्त अकादमी द्वारा प्रस्तुतियां कराई जाएं।
- **आध्यात्मिक आयोजन:-** दिनांक 12 मई, 2026 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक संस्थाओं/ विभिन्न अखाड़ों यथा शैव अखाड़ा, वैष्णव अखाड़ा, उदासीन अखाड़ा तथा जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर को आमन्त्रित कर विशेष कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिसमें बिहार, चण्डीगढ़ एवं एनसीटी नई दिल्ली की आध्यात्मिक संस्थाओं को भी आमन्त्रित किया जाए।
- **द्वितीय स्तम्भ (यात्रा):-** सोमनाथ यात्रा की प्रस्तावित तिथि 19 अप्रैल, 2026 निर्धारित है। यात्रा लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम के उपरान्त सोमनाथ गुजरात के लिए मा0 मुख्य अतिथि द्वारा झण्डी दिखाए जाने के पश्चात प्रस्थान करेगी। यात्रा के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद से निम्न समूहों के एक-एक व्यक्ति की प्रतिभागिता होगी:-

| समूह-1 | समूह-2 | समूह-3 | समूह-4 | समूह-5 | |
|---|---|---|---|---|---|
| शॉपकीपर्स, हॉकर्स, स्ट्रीट वैण्डर्स मार्केट ऐसोसिएशन | महिलाएं | गिग वर्कर्स | विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी | यंग प्रौफैशनल्स-एमबीए स्टूडैन्टस, कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रतिनिधि, विद्यार्थी, कर्मचारी, स्टार्टअप्स के सीईओ आदि (उम्र 40 वर्ष से कम) | |
| **समूह-6** | **समूह-7** | **समूह-8** | **समूह-9** | **समूह-10** | **समूह-11** |
| सीनियर सिटीजन | विज्ञान, प्रोद्यागिकी, एमएसएमई तथा तकनीकी सेवा के कर्मचारी | वॉलन्टियर, युवा विजेता, नॉन टैक्निकल क्षेत्र के सफल व्यक्ति | अखाड़ा, शिव मन्दिर और आध्यात्मिक संस्थाओं के सदस्य | प्रदेश की सीमावर्ती गांव के व्यक्ति, प्रदेश के कलाकार | पोस्टमैन, रेलवे स्टॉफ, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर्स आदि सेवाओं के लोग |

- प्रत्येक जनपद से तीर्थयात्रियों (अधिकतम 10 व्यक्ति ) का चयन जिलाधिकारी द्वारा समिति गठित करते हुए किया जाएगा। यात्रा हेतु प्रत्येक जनपद से एस0डी0एम0/ जिला स्तरीय अधिकारी को नामित किया जाए जो चयनित यात्रियों को अपने जनपद से यात्रा प्रस्थान स्थल तक आने-जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा सम्पूर्ण यात्रा के दौरान अपने जनपद के तीर्थयात्रियों के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करेंगे।
- सोमनाथ यात्रा हेतु संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा यात्रियों के यात्रा के प्रस्थान स्थल से सोमनाथ तक तथा सोमनाथ से वापसी हेतु ट्रेन की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में रेल विभाग के नोडल से समन्वय करते हुए कराई जाएगी। इस कार्य में पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभागों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।
- सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के दौरान यात्रा का कार्यक्रम 06 से 07 दिवसीय होगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 18 अप्रैल, 2026 को | तीर्थयात्रियों का लखनऊ आगमन |
| 2 | 19 अप्रैल, 2026 को | लखनऊ में कार्यक्रम के उपरान्त यात्रा का लखनऊ से सोमनाथ के लिए प्रस्थान |
| 3 | 21 अप्रैल, 2026 को | सोमनाथ, गुजरात में यात्रा का आगमन |
| 4 | 22 व 23 अप्रैल, 2026 को | सोमनाथ में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग |
| 5 | 24 अप्रैल, 2026 को | यात्रा का सोमनाथ से लखनऊ के लिए प्रस्थान |
| सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रम-<br>सोमनाथ संकल्प संवाद, सोमनाथ कॉम्प्लैक्स दर्शन/ भ्रमण, लाइट ऐण्ड साउण्ड शो, सोमनाथ म्यूजियम का भ्रमण, भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महा आरती, प्रवचन, स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, दीपोत्सव आदि। | | |

- यात्रा पर होने वाले व्यय के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश से गुजरात तक तीर्थयात्रियों के यातायात पर होने वाले व्यय का वहन संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा किया जाएगा तथा गुजरात में उनके आवास, भोजन एवं स्थानीय यातायात की व्यवस्था गुजरात पर्यटन विभाग द्वारा की जाएगी। प्रत्येक जनपद में होने वाले कार्यक्रम हेतु प्रति जनपद रू0 2.00 लाख की धनराशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

4- उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक, तहसील एवं जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की मीडिया कवरेज, फोटोग्राफ्स एवं अन्य सूचनाएं संस्कृति विभाग के पोर्टल culturalevents.in पर उपलब्ध कराई जाएं।

5- **"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व"** के आयोजन हेतु राज्य स्तर पर संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन से विशेष सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन (दूरभाष सं0 0522-2237067) को नोडल अधिकारी नामित

किया जाता है एवं निदेशालय स्तर से डॉ0 राजेश अहिरवार, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ (दूरभाष संख्या 8839923506, 9657856269) को सह नोडल नामित किया जाता है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व"** से सम्बन्धित उपर्युक्त समस्त आयोजनों की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को पूर्ण कराते हुए गौरवपूर्ण ढंग से जन सहभागिता के साथ आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**(एस0पी0 गोयल)**
मुख्य सचिव।

91/2026/
**संख्या-C.S-11/चार-2026 तद्दिनांक**

**प्रतिलिपिः-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
5. निदेशक, संस्कृति/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य निदेशालय, उ0प्र0।
6. निदेशक, बेसिक शिक्षा/ माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
7. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
AMRIT ABHIJAT
Date: 20-03-2026
11:35:40

**(अमृत अभिजात)**
अपर मुख्य सचिव।